हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 19 जुलाई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2
करोड़ों का पुल ढहने के बाद अब पहली बारिश में बहा रपटा पुलिया



## खबर संक्षेप

### कोटवारी-सेवाभूमि प्रकरण में वर्तमान खातेदारों को उपस्थित होकर पक्ष रखने का अवसर

**अम्बिकापुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी पत्र में कोटवारों द्वारा विक्रय की गई कोटवारी-सेवाभूमि के विरूद्ध समुचित कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। तहसीलदार अम्बिकापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्का पटवारी से जानकारी लिया गया। हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम मनीपुर के सरगुजा सेटलमेंट में खसरा नंबर 378 रकबा 0.064 एकड़ भूमि कोटवारी मद में सोमा मुन्डा वल्द तेलंगा मुन्डा कौम मुन्डा सा. अपुर टोला मनीपुर के नाम पर दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 378/5 रकबा 0.024 हे. भूमि प्रमीला राजवाड़े पति नन्दकिशोर राजवाड़े जाति रजवार के नाम पर कृषि भूमि, खसरा नंबर 378/3 रकबा 0.061 हे. भूमि विमला त्रिपाठी पति संतोष कुमार त्रिपाठी वर्ग सामान्य पता अपुर के नाम पर कृषि भूमि, खसरा नंबर 378/1 रकबा 0.054 हे. भूमि आनन्द कुमार पिता मिश्रीलाल जाति पनिका के नाम पर कृषि भूमि एवं खसरा नंबर 378/8 रकबा 0.012 हे. भूमि शशिकला पति अनंत कुमार वर्ग सामान्य पता राजनगर कॉलोनी अनुपपुर थाना व तहसील अनुपपुर जिला अनुपपुर म.प्र. भूमि कृषि भूमि के रूप मे दर्ज है। वर्तमान भूमिस्वामी/खातेदारो को सुनवाई हेतु नोटिस जारी कर आहूत किया गया, किन्तु संबंधित व्यक्ति का पता सही होने के कारण अदम तामिली मालजमादार द्वारा नोटिस वापस किया गया है, जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। अतः वर्तमान खातेदार/भूमिस्वामियों को सूचना पत्र तामिली नहीं हो पाने के कारण पेशी 07 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं उपस्थिति अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

### खेत जुताई कर रहा युवक गिरा ट्रैक्टर से, मौत

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टर से खेत जुताई कर रहा युवक अचानक चलते टैक्टर से गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोरी निवासी परमेश्वर सिंह (38 वर्ष) गत दिन ट्रैक्टर से खेत में जुताई कर रहा था। इसी दौरान अचानक चलते ट्रैक्टर से गिरने से वाहन की चपेट में आ गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कलेक्टर ने इस मार्ग पर यात्री बसों का परिवहन किया बंद

# मूसलाधार बारिश से कंठी घाट पर भारी कटाव, चांदो सामरी मार्ग हुआ खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला प्रशासन ने बलरामपुर जिले के चांदो सामरी मार्ग को पूर्ण रूप से बंद कर दिया है। भारी बारिश के कारण कंठी घाट पर चल रहे निर्माण और लगातार हो रहे रोड कटाव के कारण स्थिति खतरनाक होने के बाद कलेक्टर ने यह निर्णय लिया है। भारी वर्षा के कारण मार्ग पर कटाव हो चुका है। कलेक्टर के नीरेश पर आगामी आदेश तक बलरामपुर-चांदो-सामरी मार्ग पर भारी वाहनों खासकर यात्री बसों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबन्ध के बाद लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

**खास बात**
- पूर्ण प्रतिबन्ध का आदेश जारी

बता दें कि वर्तमान में सरगुजा संभाग में मानसून के बादल सक्रिय है लेकिन बारिश की स्थिति एक सामान नहीं है। कहीं बारिश बहुत कम है तो कहीं अत्यधिक वर्षा की स्थिति बनी हुई है। इस बीच बलरामपुर जिले के कुसमी सामरी क्षेत्र में भी भारी बारिश हो रही है। 18 जुलाई को कुसमी में 278 मिमी के साथ अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई। भारी बारिश से एक तरफ जहां जन जीवन प्रभावित हो गया है तो वहीं अब इसका सीधा असर आवागमन पर भी पड़ा है। इस बीच भारी बारिश से चांदो से सामरी मार्ग की स्थिति बेहद खतरनाक हो गई है। इस मार्ग पर सड़क, नाली, रिटेनिंग वाल के निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन निर्माण का कार्य अभी अधूरा। इधर भारी बारिश के कारण सड़क पर जीएसबी मटेरियल बह गया है। कंठी घाट पर रोड कटाव हो रहा है। रोड कटाव के कारण कंठी घाट काफी खतरनाक हो गया है और दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि स्थिति सामान्य होने तक बलरामपुर-चांदो-सामरी मार्ग पर भारी वाहनों ट्रक के साथ ही यात्री बसों का आवागमन नहीं हो होगा। इस संबंध में कलेक्टर बलरामपुर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने शुक्रवार की देर शाम आदेश भी जारी कर दिया है। हाल ही में कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी उस क्षेत्र के दौरे पर भी गई थी और उन्होंने मौके पर वस्तु स्थिति को देखा था इसके बाद ही यह निर्णय लिया गया है। कलेक्टर का यह आदेश सामान्य होने तक जारी रहेगा।



निर्माणाधीन पुल।

### पुलिस, परिवहन विभाग को किया गया अलर्ट

कंठी घाट पर मार्ग के कटाव के कारण यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर द्वारा लिए गए निर्णय के बाद कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक और परिवहन विभाग के अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा दिया है। इसके साथ ही बस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि आगामी आदेश तक कंठी घाट मार्ग पर बसों का संचालन नहीं किया जाए। यदि बस संचालक नियमों की अवहेलना करते है तो उनके खिलाफ अपराध दर्ज कराने तक की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने नागरिकों से भी आह्वान किया है कि वे ऐसी बसों में ना बैठे जो कंठी घाट की तरफ से आवागमन करते है।

### बढ़ गई दूरी

कंठी घाट पर भारी बारिश से निर्माणाधीन सड़क के कटाव को देखते हुए मार्ग चांदो कुसमी सामरी मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया गया है। आदेश जारी होने के बाद नाका लगाकर मार्ग पर यात्री बसों का परिवहन रोक दिया गया है। बड़ी बात यह है कि उक्त सड़क जिला मुख्यालय से सामरी कुसमी विकासखंड को जोड़ती है और लोगों को मुख्यालय पहुंचने में आसानी होती थी। अब मार्ग बंद होने के बाद लोगों को 60 से 70 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करना पड़ेगा। लोगों को राजपुर की तरफ से आवागमन करना होगा।

### क्या गया है प्रतिबंधित

कंठी घाट निर्माणाधीन है और कुसमी क्षेत्र में अत्यधिक बारिश हुई है। बारिश से घाट पर जीएसबी कार्य भी कट गया है। कटाव के कारण यह मार्ग अभी असुरक्षित है। इसलिए यात्री बसों को प्रतिबंधित किया गया है। बस संचालकों की बैठक भी ली जा रही है आरटीओ द्वारा। आने वाले दिनों में कोई भी बस कंठी घाट की तरफ से कुसमी शंकरगढ़ नहीं जा सकेगी। आदेश का पालन नहीं करने पर एफआईआर किया जाएगा।

-श्रीमती संजय चन्दन त्रिपाठी
कलेक्टर बलरामपुर

# चांदनी-बिहारपुर में मूसलाधार वर्षा भरभराकर गिरी छत एवं दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। ग्राम पंचायत कोल्हुआ के आश्रित ग्राम बोकराटोला में शुक्रवार को तेज बारिश के कारण एक पक्के मकान की छत और दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में पूरा परिवार बच गया है लेकिन मकान को भारी क्षति पहुंची है और घर में रखा कीमती सामान मलबे में दब जाने से लाखों रूपये का नुकसान होने का अनुमान है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कोल्हुआ के बोकराटोला निवासी रामलाल साहू का पक्का मकान लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक मकान की छत और दीवार ढह गई। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सदस्य घर के भीतर मौजूद नहीं थे। मकान गिरने से घर में रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, अनाज, कपड़े और अन्य घरेलू सामग्री मलबे में दब गए हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार हादसे में लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। बरसात के बीच मकान क्षतिग्रस्त होने से परिवार के सामने रहने की भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार तेज बारिश हो रही है। बारिश के कारण कई स्थानों पर जलभराव होने और मकानों को नुकसान पहुंचाने की संभावना है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं राहत उपलब्ध कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि लगातार बारिश का सिलसिला जारी रहा तो अन्य मकानों को भी खतरा हो सकता है।



## किराएदार की जानकारी नहीं देने पर मकान मालिक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जिले में पहली बार किराएदार का वेरिफिकेशन नहीं कराने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मकान मालिक को गिरफ्तार किया है। युवक के किराएदार ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। अब पुलिस ने इस मामले में किराएदार के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं पुलिस ने लोगों से सिटीजन पोर्टल और समाधान एप के माध्यम से डिजिटल रूप से किराएदारों की जानकारी अपलोड करने का आह्वान किया है। वहीं ऑफलाइन भी लोगों को वेरिफिकेशन से जुड़े दस्तावेज थाने में जमा करने को कहा गया है। बता दें कि जिले में मकान मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे मकान में किसी भी व्यक्ति को किराए पर रखने के पूर्व उसका सत्यापन कराकर एवं निर्धारित जानकारी संबंधित थाना में प्रस्तुत करेगा। नियमों का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में जिले में सरगुजा पुलिस द्वारा किराएदारों के वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को थाना स्तर पर की गई जांच से पता चला की राहुल विश्वकर्मा सरगंवा गैस गोदाम के पास स्थित अपने मकान में कुछ व्यक्तियों को किराये पर निवास हेतु दिया किन्तु उनके संबंध में निर्धारित शर्तों के अनुसार थाना गांधीनगर अम्बिकापुर में कोई सूचना अथवा किरायेदार सत्यापन प्रस्तुत नहीं किया। उक्त किराएदारों द्वारा 13 मई की रात ग्राम घंघरी गेरवानी नाला पास हथियार के दम पर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने द्वारा बीएनएस की धारा 126(2), 310 (10) एवं 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं किराएदार की जानकारी पुलिस नहीं देने के मामले में पुलिस ने भट्ठी रोड निवासी 27 वर्षीय राहुल विश्वकर्मा आ. विजय विश्वकर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत अपराध दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

- हथियार के दम पर की थी डकैती



# चेक बाउंस के प्रकरणों का निराकरण करने लगाई गई विशेष लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चेक बाउंस के मामलो के निराकरण हेतु शनिवार को शेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान लोक अदालत में 34 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

- 34 प्रकरणों का आपसी राजीनामा से समझौता, वर्षों पुराने मामले भी निराकृत


बता दें कि विधिक सेवा प्राधिकरण सरगुजा के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत के निर्देशन में 18 जुलाई को चेक बाउंस के प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया था। लोक अदालत में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के खंडपीठ क्रमांक दो में चेक बाउंस के प्रकरण का निराकरण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव लीनम बनसोड़े ने बताया कि न्यायालयीन सूत्रों के अनुसर परिवादी ने अनावेदक को एक लाख पचास हजार रुपये का ऋण दिया था जिसके भुगतान के लिये अनावेदक ने चेक पर 75 हजार रूपए की राशि भरकर दी गई थी। बाद में उक्त चेक बोस हो गया था और प्रकरण को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दोनों पक्षकार के मध्य घनिष्ठ संबंध था परंतु पैसे की लेनदेन को लेकर मन मुटाव हो गया और दोनों पक्ष के रिश्ते खराब हो रहे थे। दोनों पक्षों को न्यायालय द्वारा इस विशेष लोक अदालत में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया था। लोक अदालत में सुनवाई के दौरान आपसी सहमती से अनावेदक द्वारा समझौता राशि 75 हजार रूपए प्रदान किया गया। इसी तरह खंड पीठ क्रमांक 4 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश पूजा मण्डावी के समक्ष पेश किए गए प्रकरण में परिवादी द्वारा अनावेदक को 6 लाख रूपए प्रदान किया गया था जिसके संबंध में परिवादी द्वारा न्यायालय के समक्ष चेक अनादरण का मामला दायर किया गया था। परिवादी एवं अभियुक्त को राजीनामा किये जाने के संबंध में समझाईश दी गई थी। दोनों पक्ष आज स्पेशल लोक अदालत के तहत उपस्थित हुए एवं अभियुक्त के द्वारा चेक की राशि 6 लाख रूपए परिवादी को प्रदान किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 3 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश माननीय प्रांजलि नेताम के समक्ष रखे प्रकरणो में से एक प्रकरण में परिवादी एवं अभियुक्त के मध्य वर्ष 2018 से विवाद था जिसमें परिवादी एवं अभियुक्त के मध्य आपसी समझौता के आधार पर चेक राशि परिवादी को वापस किए जाने पर प्रकरण राजीनामा के माध्यम से समाप्त किया गया। इसी प्रकार अन्य प्रकरण में परिवादी एवं अभियुक्त के मध्य वर्ष 2020 से विवाद था उक्त प्रकरण में भी परिवादी एवं अभियुक्त के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा के आधार पर प्रकरण निराकृत किये जाने हेतु सहमति दी गई और उक्त प्रकरण विशेष लोक अदालत के तहत आपसी सहमति के आधार पर राजीनामा के माध्यम से निराकृत किया गया। उक्त खण्डपीठ के द्वारा एक अन्य प्रकरण, जो कि वर्ष 2021 से लंबित था, में भी पक्षकारों के द्वारा आपसी सहमति से समझौता करने पर विशेष लोक अदालत के तहत निराकृत किया गया।



### आरटीई के तहत तृतीय एवं अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार ऑनलाईन आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु तृतीय एवं अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया हेतु 27 अगस्त तक समय सारणी निर्धारित किया गया है। उन्होंने अशासकीय विद्यालयों हेतु नियुक्त प्राचार्य/नोडल अधिकारी (आर.टी.ई.) को अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले अशासकीय विद्यालयों में प्रचार-प्रसार कर आर.टी.ई. के तहत आरक्षित रिक्त सीटों पर अधिक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त कर प्रवेश की कार्यवाही करना सुनिश्चित करने कहा है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छह छात्रों का छात्रवृति के लिए चयन

**सीतापुर।** नये शिक्षा सत्र 2026 में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल देवगढ़ के कक्षा आठवी के नौ विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृति पात्रता परीक्षा में शामिल हुए।जिनमे से छः विद्यार्थियों ने पात्रता परीक्षा में सफलता अर्जित करते हुए राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुए है। चयनित सभी विद्यार्थियों को विधायक रामकुमार टोप्पो एवं अध्यक्ष शाला विकास समिति विंध्येश्वरी पैंकरा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में संस्था के बच्चे पहली बार सम्मिलित हुए थे। शिक्षिका नाजिया फातिमा के मार्गदर्शन में बच्चों को पात्रता परीक्षा के लिए तैयार किया गया था। संस्था के अन्य शिक्षकों ने भी अपना भरपूर योगदान दिया था। जिसकी वजह से उमरो खान सालवी रितेश पैंकरा सुमित पैंकरा नव्या बखला साइमा एवं निखिल सिंह समेत कुल छः बच्चो का चयन हुआ। चयनित सभी विद्यार्थियों को कक्षा 12वी तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति के रूप में मिलती रहेगी। राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले सभी छात्रों को प्रधानपाठक प्रेमकुमार सिंह शिवशंकर सिंह शिक्षक अज्जु पांडेय अंकिता चतुर्वेदी सिमरन सोनी ने खुशी जाहिर करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

### बैगलेस डे पर विद्यालयों में स्वस्थ बचपन थीम पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**बिश्रामपुर।** संकुल जयनगर शिक्षा अंतर्गत शनिवार को आयोजित बैगलेस डे के अवसर पर सभी विद्यालयों में स्वच्छ शौचालय, स्वस्थ बचपन थीम पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विद्यालय परिसर एवं शौचालयों की साफ-सफाई कर विद्यार्थियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में सुरजपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, जनपद सदस्य धनेश्वरी, सरपंच राधा बाई, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, संकुल समन्वयक नेल्सन ब्रेक सहित अन्य शामिल हुए। सभी ने श्रमदान कर विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान बीईओ हरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वच्छ विद्यालय ही स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार है। बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ शौचालय बच्चों के स्वास्थ्य, गरिमा और नियमित विद्यालय उपस्थिति के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। बैगलेस डे बच्चों में केवल व्यावहारिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि श्रम का सम्मान, अनुशासन, सहयोग और सामाजिक दायित्व की भावना भी विकसित करता है।उन्होंने सभी विद्यार्थियों से प्रतिदिन विद्यालय एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। अभियान के अंत में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने स्वच्छ विद्यालय–स्वस्थ विद्यार्थी का संकल्प लेते हुए स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की शपथ ली।



### वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ के पहल पर टेमरी में हुआ बाघ संरक्षण व प्रशिक्षण कार्यक्रम



**ओड़गी।** वन मंडल सूरजपुर अन्तर्गत वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ के पहल पर टेमरी में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बाघ संरक्षण व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त वनमंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारी एवं बाघ ट्रेकर्स ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया साथ ही अपने अनुभव को साझा भी किया। कार्यक्रम में कैमरा ट्रैप , डिजिटल गश्त और सटीक डेटा संकलन के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों व मोबाइल एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी जोर दिया गया। कोरिया व सूरजपुर सीमा पर बाघ का मूवमेंट ज्यादा होता है इसलिए टेमरी में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ताकि सभी स्टाफ को बाघ के पगमार्क, स्क्रैच मार्क आदि देख सकें। इस दौरान संयुक्त वनमंडलाधिकारी ओड़गी मनोज कुमार शाह, वन परिक्षेत्र अधिकारी कुदरगढ़ विकास गुप्ता, गौरव निलहानि वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट, परिक्षेत्र सहायक सोहन राम, सुदामा सिंह, श्रद्धा देवी पैकरा सहित समस्त परिसर रक्षक , दोनों रेंज के बाघ ट्रेकर्स मौजूद रहें।

## कई गांवों का संपर्क टूटा, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

# करोड़ों का पुल ढहने के बाद अब पहली बारिश में बहा रपटा पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत धोन्धा–गोविंदपुर–रमकोला मार्ग एक बार फिर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे है। कुछ साल पहले इसी मार्ग पर करोड़ों रुपये की लागत से बना पुल गर्मी के दिनों में बीचों-बीच क्षतिग्रस्त होकर ढह गया था। अब उसी मार्ग पर आवागमन बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जा रहा लाखों रुपये का अस्थायी रपटा पुलिया पहली ही तेज बारिश में बह गया। रपटा पुलिया के बह जाने से न सिर्फ ग्रामीणों में भारी नाराजगी है बल्कि बारिश के इस मौसम में पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई।

**खास बात**
- लोगों के आवागमन के लिए निर्माण कर रहे रहे थे रपटा पुलिया

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत धोन्धा-गोविंदपुर मार्ग पर गर्मी के दिनों में ही करोड़ों की लागत से बना पुल बीच से ढह गया था। पुल के क्षतिग्रस्त हो जान से धोन्धा, गोविंदपुर, रमकोला सहित दर्जनों गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया था। स्कूली बच्चों, किसानों, मरीजों और आम ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की समस्या को देखते हुए शासन-प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक की पहल पर पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 45 मीटर लंबा रपटा बनाया जा रहा था, ताकि स्थायी पुल बनने तक लोगों का आवागमन सुचारु बना रहे। ग्रामीणों के अनुसार रपटा निर्माण का कार्य लगभग दो माह से चल रहा था। इस दौरान कई ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल भी उठाए थे। ग्रामीणों का आरोप था कि कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है और यदि समय रहते गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो पहली बारिश में ही निर्माण टिक नहीं पाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। शुक्रवार को क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के बाद जहां नदी-नाले उफान पर आ गए। इसी दौरान तेज बहाव में नया बना रपटा पुलिया पूरी तरह बह गया जिससे एक बार फिर दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया। निर्माणाधीन रपटा पुलिया के बह जाने से न सिर्फ पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई है बल्कि क्षेत्र के ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गईं। लोगों का कहना है कि जिस निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए, वह पहली ही बारिश का सामना नहीं कर सका। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस गुणवत्ता के साथ निर्माण किया जा रहा था।




क्षितग्रस्त रपटा पुल।

### अचानक बारिश से बहा रपटा पुलिया

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने जिला प्रशासन को बताया है कि रपटा निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ था और निर्माणाधीन अवस्था में अचानक आई बारिश के कारण वह बह गया। इधर ग्रामीणों का दावा है कि रपटा लगभग तैयार हो चुका था और उस पर लोगों का आवागमन भी शुरू हो गया था। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर वास्तविक स्थिति क्या थी। यदि निर्माण कार्य अधूरा था तो लोगों के आवागमन की व्यवस्था क्यों की गई।

#### जांच व कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि रपटा का निर्माण लगभग दो माह से चल रहा था तो बरसात शुरू होने से पहले तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरा क्यों नहीं किया गया। वर्षा ऋतु में नदी के तेज बहाव के बीच निर्माण कार्य करना कितना व्यावहारिक और सुरक्षित था, इसकी भी जांच आवश्यक है। ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण कार्य में तकनीकी लापरवाही, गुणवत्ता में कमी या वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों, निर्माण एजेंसी और संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

### मिली है जानकारी

रपटा पुलिया के बह जाने के संबंध में जानकारी मिली है। यह गंभीर मामला है और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि रपटा निर्माण जारी था और अचानक आई तेज बारिश के कारण वह बह गया। विभाग द्वारा पुनः मरम्मत एवं निर्माण कराए जाने की बात कही गई है। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी तथा इसके लिए जांच दल गठित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**-रैना जमील**, कलेक्टर सूरजपुर



# कुसमी में लगातार 6 घंटे तक मूसलाधार बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

नगर पंचायत में दोपहर बाद हुई मूसलाधार बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। पहाड़ से नीचे उतरे पानी न सिर्फ सड़कों पर लबालब हो गई बल्कि मुख्य मार्ग स्थित कई दुकानों के पीछे की दीवार को तोड़ते हुए पानी दुकान में भर गई। अचानक हुई बारिश से दुकान संचालकों का काफी नुकसान हुआ है।

- कई दुकानों के ढही दीवार

नगर पंचायत में दोपहर लगभग 2 बजे से शुरू हुई मूसलाधार बारिश लगातार 6 घंटे तक होने से मुख्य मार्केट में संजय टेक्सटाइल्स, लिबास घर कपड़ा दुकान, गुप्ता हार्डवेयर सहित अन्य कई दुकानों में पीछे से पानी मकान के अंदर गया गया जिससे दुकान संचालकों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। दुकान में रखे लाखो का सामग्री का नुकसान होना बताया जा रहा है। बारिश इतना तेज था कि दुकान के अंदर लगभग 3 से 4 फीट तक पानी पीछे के दिवाल से निकल कर मुख्य मार्ग में बहने लगा था। दुकान संचालक सहित आसपास के लोग मिलकर किसी प्रकार से दुकान के रखे सामान को बचाने में लगे रहे लेकिन बहुत सा दुकान का समान पानी के तेज बहाव में बह कर दूर तक चला गया। दुकानदार ने लोगों की मदद से पानी में बह रहे सामानों को छान कर कपड़ा एवं सामग्री सुरक्षित रखा। भारी बारिश से दुकानदारों का लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। हालांकि बारिश के दौरान किसी प्रकार की अफरा-तफरी की स्थिति न हो इसे लेकर प्रशासनिक व पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रहे। अनुमान लगाया जा रहा है कि दुकान मकान के पीछे तरफ से पहाड़ से पानी काफी तेज गति से नीचे उतरने लगा जिससे मकान के पीछे तरफ का कोई दीवार गिर जाने के कारण सभी दुकानों के अंदर पानी का तेज बहाव होने लगा। सभी दुकानदार का दुकान के पीछे में अपना निवास है। ऐसे में दुकानदारों को वर्तमान में रहने खाने सोने के लिए कुछ दिनों तक काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन की ओर से तहसीलदार रोकी एक्का , कुसमी थाना प्रभारी सहित नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच कर इस घटना के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए शासन के नियमानुसार हर तरह से मदद करने का आश्वासन दिया।

# अफ्रिकन स्वाइन फीवर की स्वदेशी वैक्सीन राष्ट्र को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 98वें स्थापना दिवस के अवसर पर 16 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव रंजन सिंह तथा आईसीएआर के महानिदेशक द्वारा अफ्रीकन स्वाइन फीवर वैक्सीन राष्ट्र को समर्पित किया गया।

- शासकीय सुकर फार्म सकालो में सफल रहा फील्ड ट्रायल

इस वैक्सीन का विकास नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज भोपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. राजू कुमार, डॉ. सैन्थिल, डॉ. वेंकटेश एवं फतेह सिंह द्वारा किया गया है। वैक्सीन का फील्ड ट्रायल शासकीय सुकर फार्म सकालो में मार्च से सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा था। फार्म प्रबंधक डॉ. अजय अग्रवाल एवं डॉ. सीके मिश्रा ने बताया कि संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, छत्तीसगढ़ के आदेश एवं मार्गदर्शन में मार्च माह से वैक्सीन का फील्ड ट्रायल प्रारंभ किया गया था। परीक्षण का संचालन भोपाल के वैज्ञानिकों की तकनीकी देखरेख में किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार अफ्रीकन स्वाइन फीवर सूकरों में होने वाला अत्यंत घातक वायरल रोग है, जो घरेलू एवं जंगली दोनों प्रकार के सूअरों को प्रभावित करता है। इस रोग में मृत्यु दर अत्यधिक हो सकती है तथा वर्तमान में इसका कोई प्रभावी उपचार उपलब्ध नहीं है। संक्रमित पशुओं में केवल सहायक उपचार ही दिया जा सकता है, जिससे रोग का प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं हो पाता। उल्लेखनीय है कि भारत में वैक्सीन का यह प्रथम फील्ड ट्रायल है। वर्तमान समय में भारत सहित विश्व के अधिकांश देशों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के लिए पूर्ण रूप से स्वीकृत व्यावसायिक वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इस वैक्सीन के राष्ट्र को समर्पित होने से भविष्य में भारत सहित विश्व भर के सूअर पालकों को लाभ मिलने की संभावना है तथा अफ्रीकन स्वाइन फीवर से होने वाली भारी आर्थिक क्षति को कम करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।



# पुलिया में गिरा वाहन, युवक की मौत, तीन गंभीर घायल

**रामानुजगंज।** नगर में शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रिंग रोड स्थित स्वाद घर के समीप तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट गहरी पुलिया में जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्राम कुर्लूडीह के चार युवक अपनी दो खराब बाइक की मरम्मत कराने रामानुजगंज आए थे। बाइक को छोड़ने के बाद चारों युवक नावाडीह से पौधे लेकर पिकअप से अपने गांव जा रहे थे। जैसे ही चालक रिंग रोड स्थित स्वाद घर के पास पहुंचा तभी वाहन नियंत्रण खो बैठा जिससे पिकअप सीधे पुलिया में जा गिरी। दुर्घटना में धुनधुन आ.मुखदेव (21 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि सुनील यादव आ. बलदेव यादव (35 वर्ष), उमा (21 वर्ष) एवं मंगलू आ. भूखन (24 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही रामानुजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



### नाम परिवर्तन सूचना

मैं सुरेश पिता रामचंन्दर उम्र 32 वर्ष जाति कंवर निवासी ग्राम दवनकरा तहसील-प्रतापपुर जिला-सूरजपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं। मेरा पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र मे- शिवरतनी shivratni पिता सुरेश suresh दर्ज है और आधार कार्ड में नाम- छोटी chhoti दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है एवं कक्षा-8 वीं अंक सूची मे शिवरतनी पैकरा shivratni पिता सुरेश suresh दर्ज है । मेरा पुत्री की आधार कार्ड मे अंकित नाम छोटी और जन्म प्रमाण पत्र मे अंकित नाम शिवरतनी व कक्षा-8 वी के अंकसूची मे अंकित नाम-शिवरतनी पैकरा अंकित है उक्त तीनो नाम का एक ही व्यक्ति है जो मेरा पुत्री है मैं अपना पुत्री का आधार कार्ड में दर्ज नाम-छोटी chhoti को परिवर्तन कराकर सही व वास्तविक नाम शिवरतनी पैकरा shivratni paikra अंकित कराना चाहता हूं ।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
सुरेश
पिता रामचंन्दर
निवासी- ग्राम दवनकरा तहसील-प्रतापपुर जिला-सूरजपुर छ.ग.

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

सरगुजा मार्केट

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
डॉ. प्रसून सागर
M.B.B.S, MD, DM (Cardiology)
पूर्व कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
धड़कन बढ़ना,उत्तेजना, हृदय की व्याकुलताव घुटन हृदय रोग से संबंधित सभी रोगों के लिए
दिनांक - 19 जुलाई 2026, दिन -रविवार
समय - सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षो का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर।** राजमोहिनी भवन में युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षद दीपक यादव की अध्यक्षता में आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। श्री तोमर ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में निरंतर मेहनत कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के खिलाड़ियों ने भागीदारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया। पार्षद दीपक यादव ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के खेल होंगे तथा इससे बेहतर करने की कोशिश की जाएगी। आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता तीन श्रेणी में हुई तथा 106 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें 75 किलो से 84 किलो वर्ग में कुंदन सिंह प्रथम, भमेश साहू द्वितीय एवं अब्दुल्लाह रहीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 90 किलो से ऊपर के वर्ग में जितेंद्र कुमार साहू प्रथम, सेड्रिक मिंज द्वितीय तथा मो.कैफ तीसरा स्थान, 54 किलों वजन में प्रथम उमेश कुमार, द्वतीय पीयूष विश्वकर्मा तथा तृतीय करन देवांगन रहे। विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### कृति नारी साहित्य समिति ने की काव्य गोष्ठी




**अम्बिकापुर।** कृति नारी साहित्य समिति ने आशा उपाध्याय की अध्यक्षता में गोष्ठी की। गोष्ठी सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुई। गोष्ठी में कांति पाण्डेय ने कहा कि आचरण ही व्यक्ति को समाज में स्थान दिलाता है, निर्भिक और कर्मठ व्यक्ति अपने आचरण से श्रेष्ठ बनता है। संध्या सिंह ने कहा कि आचरण आपके व्यक्तित्व का आइना है। गीता तिवारी ने कहा मन के विकारों को जीतकर ही उत्तम आचरण को पाया जा सकता है। अंजु पाण्डेय ने कविता कुल का नाम उठाए गिराए सिर्फ आपका आचरण, माधुरी जायसवाल ने आचरण पहला चरण है, सीखिए सिखलाइए, संतोषी चंदेल गुड़िया ने सीखकर जो आचरण हम आप होते है बड़े रूही गजाला ने अर्श से लाकर पटकता फर्श पर, निर्मला श्रीवास्तव ने धन, पद या जाति से नहीं आचरण की प्रस्तुति दी। सीमा तिवारी ने कहा हर बच्चे को नैतिक शिक्षा का प्रथम आचरण घर से मिलता है। उपमा पाण्डेय ने कहा आचरण की उत्तमता ही आपको गौरवान्वित करती है, चाहे आप जिस किसी भी वर्ग के हों। राजलक्ष्मी पाण्डेय ने कहा कि रूप,धन, ऐश्वर्य से नही, सादगी और विनम्रता के साथ सभी से निष्पक्ष सम्मान जनक व्यवहार ही आपको हर जगह श्रेष्ठता प्राप्त करवाता है। अंत में समिति की नव नियुक्त सचिव संध्या सिंह को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### हाथियों ने ग्राम उरंगा के दो घरों में की तोड़फोड़, खा गए अनाज



**अम्बिकापुर।** दल से भटककर अलग घूम रहे दो हाथियों ने शुक्रवार की रात ग्राम उरंगा में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने बस्ती में पहुंचकर दो घरों में तोड़फोड़ की तथा घर में रखे अनाज को चटकर दिए। वर्तमान में मैनपाट में 19 हाथी अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हैं तथा खरीफ फसलों को रौंदने के साथ ही ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। पूर्व से क्षेत्र में 12 हाथियों का दल मौजूद है जबकि दो हाथी लम्बे समय से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। पांच हाथियों का एक नया दल भी क्षेत्र में लगातार तबाही मचा रहा है। बीती रात दो हाथियों का दल ग्राम उरंगा पहुंच गया तथा दो घरों में तोड़फोड़ कर घर में रखा अनाज खा गए। काफी देर तक गांव की गलियों में घूमने के बाद हाथी पूरी रात खरीफ फसलों को रौंदते रहे। इस दौरान पीड़ित परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। दो हाथियों के कभी भी आबादी क्षेत्र में पहुंचने के कारण क्षेत्रवासी भय के साए में रातें गुजार रहे है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से कोटरा घायल

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत आमगांव मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक कोटरा घायल हो गया। राहगीरों की नजर घायल कोटरे पर पड़ी तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना वन अमले को दी। मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए राहगीरों ने घायल कोटरा को बाइक से कमलेश्वरपुर लाकर वनकर्मियों को सौंप दिया। प्रारंभिक जांच में उसकी कमर में गंभीर चोट पाई गई है जिसके कारण वह ठीक से चल नहीं पा रहा था। वनकर्मियों ने तत्काल उपचार शुरू कराया। विभाग के अनुसार कोटरा फिलहाल खतरे से बाहर है और कमलेश्वरपुर में उसका इलाज जारी है।

## महुआ शराब की गंध से बस्ती में पहुंचा हाथी

# रात में घर से बाहर निकले वृद्ध की दंतैल ने कुचल कर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राजपुर वन परिक्षेत्र में हाथियों के दल के आमद ने एक बार फिर ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। बीती रात दल से अलग हुए एक हाथी महुआ शराब की गंध से बस्ती में आ पहुंचा जिससे ग्रामीणों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इसी बीच घर से निकले वृद्ध का हाथी से आमना सामना हो गया। हाथी ने वृद्ध को कुचल कर मार डाला। हैरानी की बात तो यह है कि जब हाथी ने वृद्ध पर हमला किया उस समय वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित गांव के लोग मौजूद थे लेकिन हाथी को भगाने किसी ने हिम्मत नहीं की। गांव में हाथी की मौजूदगी के से गांव में दहशत का माहौल है वहीं वन विभाग टीम ने मृतक के परिजन को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई है।

**खास बात**
- वन अमले व ग्रामीण मौके पर रहे मौजूद, गांव में दहशत का माहौल

राजपुर वन परिक्षेत्र में पिछले 3-4 माह से चार सदस्यीय हाथियों का दल मौजूद है। कुछ दिनों से हाथियों का दल बरियों सर्किल अंतर्गत रेवतपुर बीट के कक्ष क्रमांक पी-2556 में विचरण कर रहा है। बीती रात हाथियों का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा था। इसी दौरान दल से अलग हुआ एक हाथी न नवापारा बस्ती की ओर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि हाथी महुआ शराब की गंध से आकर्षित होकर बस्ती की ओर आया था। बस्ती में हाथी के आ जाने से अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।



घटना स्थल पर पड़ा शव एवं वन विभाग की टीम।

**एक घर को पहुंचाया नुकसान**

दल से अलग हुआ हाथी रात लगभग 9.30 बजे रेतवपुर के नवापारा बस्ती में पहुंचा। बताया जा रहा है कि हाथी महुआ शराब की गंध से आकृर्षित होकर बस्ती में आ गया। गांव के वृद्ध पर हमला करने से पूर्व ही हाथी एक घर को नुकसान पहुंचाने के पश्चात घर में रखे महुआ को खा लिया था। बताया जा रहा है कि मृतक बालम टेकाम भी अपने घर में महुआ सूखा कर रखा था। संभवतः महुआ की गंध आने पर उसके घर के पास पहुंच गया।

**गांव में कराई जा रही मुनादी**

वन विभाग की टीम ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों की लगातार मौजूदगी को देखते हुए गजराज वाहन के माध्यम से गांव-गांव मुनादी कराई जा रही है। ग्रामीणों को जंगल की ओर पुट्ट, खुखड़ी, लकड़ी या अन्य वनोपज संग्रह के लिए नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही हाथियों की गतिविधियों वाले क्षेत्रों से दूर रहने की हिदायत लगातार दी जा रही है।

हाथी महुआ की गंध से गांव के ही बालम टेकाम आ. स्व. परमेश्वर टेकाम (62 वर्ष) के घर के समीप पहुंच गया। इसी बीच घर से निकले बालम टेकाम का हाथी से आमना सामना हो गया। हाथी को देख बालम टेकाम भागने लगा तभी हाथी ने उसे सूंड से पकड़ पटक दिया और कुचल दिया जिससे बालक टेकाम की मौके पर ही मौत हो गइ। घटना के समय घर में मृतक की पत्नी, पुत्र और एक छोटी बच्ची मौजूद थे लेकिन सभी घर के अंदर होने तथा बाहर नहीं निकलने से सुरक्षित रहे। घटना के समय वन विभाग के उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय वर्मा सहित वन विभाग की टीम व ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। सुबह वन विभाग की टीम ने मृतक बालम साय टेकाम की पत्नी को तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। जबकि शेष 5.75 लाख रुपये का मुआवजा नियमानुसार प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

**अखोरा जंगल में हाथी**

चार सदस्यीय हाथियों का दल पिछले 3-4 माह से राजपुर वन परिक्षेत्र धंधापुर, रेवतपुर, ढुप्ती बरियों, अखोरा सहित आसपास के गांव में विचरण कर रहे है। शुक्रवार की रात चार सदस्यीय हाथियों का दल रेवतपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे थे। इसी दौरान एक हाथी दल से अलग होकर रेवतपुर के नवापारा बस्ती में आ गया जहां एक वृद्ध को कुचल कर मारने तथा एक घर को नुकसान पहुंचाने के पश्चात अखोरा जंगल में चला गया वहीं दल के तीन हाथी अन्य क्षेत्र में विचरण कर रहे है।

**शराब के गंध से बस्ती तक पहुंचा हाथी**

हाथी आम, कटहल और विशेष रूप से महुआ शराब की गंध से आकर्षित होकर बस्तियों तक पहुंच जाते हैं। दल से अलग हुआ हाथी भी संभवतः महुआ शराब की गंध से बस्ती तक पहुंच गया। ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में महुआ शराब खुले में न रखें तथा हाथियों की सूचना मिलने पर किसी भी स्थिति में उनके पास जाने का प्रयास न करें। सतर्कता और विभागीय निर्देशों का पालन ही ऐसी घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

-रविशंकर श्रीवास्तव
उप वनमंडलाधिकारी



## देवनगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बालिका शिक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, बाल संरक्षण एवं अन्य सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवनगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने कहा कि बाल विवाह केवल सामाजिक अभिशाप ही नहीं, बल्कि कानूनी दंडनीय अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम अंतर्गत बाल विवाह करने, कराने, सहयोग करने अथवा उसमें शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए दो वर्ष तक के कारावास एवं एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने अभिभावकों से बालिकाओं का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात करने की बात कही। श्री जायसवाल ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अनुचित स्पर्श, अश्लील इशारे, पीछा करना, अश्लील चित्र या वीडियो दिखाना अथवा रास्ता रोकने जैसी घटनाएं इस अधिनियम के अंतर्गत गंभीर एवं गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में आती हैं।

उन्होंने बालिकाओं से कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दें। इस अवसर पर सुश्री फरजाना अंसारी ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, आवश्यक सावधानियों का पालन करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने संबंधी जानकारी दी। इस दौरान जनार्दन यादव, सलोनी खुजूर, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन




**रामानुजगंज।** न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित की। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर पर कक्षा 6 के छात्र शिवम ओझा, 9वीं एवं कक्षा 11 की छात्रा श्रेया राज ने 10वीं राष्ट्रीय रैंक प्राप्त कर नेशनल कंसोलेशन मेडल एवं प्रमाणपत्र अर्जित किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी स्कूल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल एवं प्रमाणपत्र प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चंदन कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार गुप्ता ने सभी विजेता विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी विद्यालय के अकादमिक कोऑर्डिनेटर अजय जारवाल द्वारा दी गई।

## शासकीय माध्यमिक शाला कन्या आश्रम में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**प्रतापपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला कन्या आश्रम खोरमा एवं माध्यमिक शाला कन्या आश्रम शांति नगर में संयुक्त रूप से संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह रही। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक एवं विद्यालय गणवेश विपरीत कर नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता शिक्षकों गांव और जिले का नाम रोशन करने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का जिम्मेदार नागरिक बनेगा खूब पढ़ो आगे बढ़ो और अपने सपनों को सरकार करो। मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह ने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई विद्यालय की व्यवस्था एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सीता बखला, श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, विजेंद्र कश्यप, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, रमेश. शरण सिंह उपस्थित रहे सभी उद्बोधन स्वरूप बच्चों को प्रेरणादायक उत्साहवर्धन किया। इस दौरान फूल जेंस किस्पोट्टा, विनय कुमार तिवारी, मोहम्मद नईम अंसारी, प्रधान पाठक श्रीमती साहेबानी कुजूर,नमिता खरे, अनिमा बखला, अर्चना शोभा मिंज, उपासना यादव, वंदना बेक, मंजू ममता तिर्की, नितेश श्रीवास, दिनेश कश्यप, छमिया केरकेट्टा, रेनू तिवारी, सरिता टोप्पो, प्रेम शंकर सांवले, एंजेल केरकेट्टा, राजेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।



### नवप्रवेशी छात्राओं को वितरित की गई निःशुल्क पुस्तकें

**दरिमा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अगस्तु मिंज के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्राओं को चंदन तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। श्री मिंज ने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने एवं नियमित विद्यालय आने का आह्वान किया। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरित की। इको क्लब की छात्राओं ने स्वच्छ विद्यालय उज्ज्वल भविष्य पर चित्रों को प्रस्तुत किया जिसकी जमकर सराहना की गई। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सुशीला यादव, वायु श्री सिंह, प्राचार्य श्रीमती मालती शाक्य, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती विभा चौबे सहित शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।



### प्रवेश उत्सव में बच्चों को दी गई निःशुल्क पुस्तकें

**लखनपुर।** संकुल केंद्र अमेरा में जनपद सदस्य मोहरलाल राजवाड़े, सरपंच सियाम्बर सिंह, उप सरपंच जगरनाथ सिंह एवं घोलडू राम के आतिथ्य में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया तथा पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई। अतिथियों ने अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि बच्चे नियमित विद्यालय आए तो कठिन से कठिन लक्ष्य आसानी से हासिल कर सकते हैं। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य इलियास खलखो, संकुल समन्वयक संकेत गिरी, चंदन राम, अनुप टोप्पो, श्रीमती रश्मी तिगा, सुषमा प्रजापति सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**कुसमी।** जनपद पंचायत कुसमी के सभागार कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर एक विशेष उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सभी विद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति और समय पर शाला पहुंचने की कड़ी समीक्षा की गई। साथ ही वीएसके एप के माध्यम से सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। शालाओं में विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति बढ़ाने के प्रयासों की समीक्षा की गई। जो विद्यार्थी लगातार अनुपस्थित हैं, उनके लिए शिक्षकों को नियमित फॉलोअप लेने को कहा गया।




साथ ही शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उनका पुनः नामांकन कराने और शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से नवीन प्रवेशों की संख्या में वृद्धि करने की समीक्षा की गई। सत्र के दौरान विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने, नियमित अध्यापन कार्य संचालित करने, समय सीमा में पाठ्यक्रम पूरा करने तथा विद्यार्थियों के साप्ताहिक व मासिक मूल्यांकन को गंभीरता से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र तैयार करने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश प्राचार्यों को दिए। सभी विद्यालयों में स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और क्रियाशील शौचालयों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा विद्यालयों के संचालन की समयावधि और छुट्टी के वक्त छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन के सुचारू संचालन, निर्धारित मीनू के अनुरूप भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने की कड़ाई से जांच की गई। शत-प्रतिशत शालाओं में न्योता भोजन की नियमित वृद्धि करने तथा स्कूलों में 'किचन गार्डन विकसित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव, जिला मिशन समन्वयक चंद्र भूषण प्रसाद गुप्ता, जनपद सीईओ संजय दुबे, बीईओ मनोज गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नंदकुमार गुप्ता, फ्लिक्स एक्का सहित जिले के सभी हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य एवं समस्त माध्यमिक शालाओं के समस्त प्रधान पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जल्द शुरू होगा रेलवे रैक से कोयला डिस्पैच का कार्य

# 8 वर्ष बाद जयनगर कोयला साइडिंग में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करीब 8 वर्षों से बंद पड़ी एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की जयनगर कोयला साइडिंग एक बार फिर गुलजार हो गई है। साइडिंग के पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद अब एक-दो दिनों में रेलवे रैक उपलब्ध होते ही यहां से कोयले का डिस्पैच शुरू होने की संभावना है। वर्तमान में साइडिंग में लगभग छह हजार टन कोयले का स्टॉक तैयार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, पहले बिश्रामपुर क्षेत्र में जयनगर और कुमदा दो प्रमुख कोल साइडिंग संचालित होती थीं। क्षेत्र में कोयला उत्पादन घटने के बाद रेलवे रैक से कोयला भेजने का कार्य बंद कर दिया गया था। इसके बाद लंबे समय तक उपेक्षा के कारण जयनगर साइडिंग पूरी तरह वीरान हो गई।

इस दौरान कबाड़ चोरों ने ओएचई तार, सीएचपी के तांबे और लोहे सहित करोड़ों रुपये की सामग्री चोरी कर ली, जिससे साइडिंग पूरी तरह निष्क्रिय हो गई। सूत्रों के अनुसार, इस बीच भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने खाद्यान्न परिवहन के लिए साइडिंग के उपयोग का प्रस्ताव भी दिया था, लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। परिणामस्वरूप साइडिंग लगातार जर्जर होती चली गई।



**रेलवे रैक से होगा सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन**

रेलवे रैक के माध्यम से एक बार में लगभग चार हजार टन कोयले का परिवहन किया जा सकता है, जबकि इतनी ही मात्रा के लिए सड़क मार्ग से 130 से अधिक ट्रकों की आवश्यकता पड़ती है। रैक से परिवहन होने पर सड़कों पर भारी वाहनों का दबाव कम होगा, दुर्घटनाओं और प्रदूषण में भी कमी आएगी तथा कोयला परिवहन अधिक सुरक्षित और प्रभावी माना जाता है।

**41 करोड़ रुपए से हुआ पुनर्निर्माण**

क्षेत्र की अमेरा, आमगांव, गायत्री और केतकी खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ने के बाद एसईसीएल ने जयनगर साइडिंग के पुनर्निर्माण के लिए करीब 41 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। निर्माण एजेंसी राइट्स को कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुनर्निर्माण के बाद हाल ही में रेलवे अधिकारियों ने नई रेल लाइन का निरीक्षण किया, जिसमें सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके बाद साइडिंग में विभिन्न खदानों से कोयले की डंपिंग शुरू करा दी गई है। रेलवे से रैक की मांग भेज दी गई है और रैक मिलते ही कोयला डिस्पैच शुरू हो जाएगा।

**रोड सेल को लेकर उठते रहे सवाल**

कॉलरी सूत्रों का दावा है कि वर्षों तक रेलवे रैक से कोयला डिस्पैच बंद रहने के पीछे रोड सेल व्यवस्था को प्राथमिकता दिए जाने की भी चर्चा रही। । सूत्रों का कहना है कि सड़क मार्ग से कोयला परिवहन में अधिक संख्या में ट्रकों के संचालन के कारण अनियमितताओं और अवैध कमाई की आशंकाएं समय-समय पर उठती रही हैं। जयनगर साइडिंग के पुनः चालू होने के बाद एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बंद पड़ी कुमदा साइडिंग के भी नवीनीकरण की दिशा में प्रस्ताव मंगाए जाने की जानकारी सामने आई है। यदि यह योजना भी अमल में आती है तो बिश्रामपुर क्षेत्र में रेलवे के माध्यम से कोयला परिवहन को नई गति मिलने की उम्मीद है।बिश्रामपुर क्षेत्र की जयनगर कोल साइडिंग और कुमदा साइडिंग अगस्त 2018 से बंद पड़ी है।

### शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई, लोगों में रोष

# खुले में कचरा डंप से वार्ड का माहौल हुआ दूषित, दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर पंचायत द्वारा खुले में कचरा डंप करने से वार्ड का माहौल दूषित हो गया है। कचरे से उठने वाली दुर्गन्ध ने वार्डवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। इस संबंध में प्रभावित लोगों ने रिहायशी इलाके से दूर कचरा डंप कराने की मांग की है ताकि प्रदूषित माहौल और दुर्गंध से रिहायशी इलाके के लोगो को निजात मिल सके। लोग स्वच्छ एवं खुले वातावरण में बिना किसी परेशानी के रह सके।

**खास बात**

- होलिका दहन मैदान बना डम्पिंग यार्ड

विदित हो कि वार्ड क्रमांक 10 के होलिका दहन मैदान में नगर पंचायत द्वारा शहर का पूरा कचरा लाकर डंप किया जा है जिसकी वजह से वार्ड का माहौल काफी गंदा एवं प्रदूषित हो गया है। होलिका दहन मैदान के आसपास रिहायशी क्षेत्र होने की वजह कचरे से उठने वाली सड़ांध ने लोगो का जीना मुहाल कर दिया है। इस संबंध में नगर पंचायत को कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। आसपास के रहवासियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। काफी लंबे समय से कचरा डंप होने की वजह से लोगों को स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सालों से पड़ा कचरा सड़ने की वजह से अब वहाँ मक्खी मच्छर पनपने लगे है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा कचरे को जलाने की वजह से निकलने वाले धुंए से वायु प्रदूषण काफी बढ़ जाता है। कचरे की वजह से होने वाली परेशानी और बीमारियों का हवाला देते हुए लोगो ने अपनी समस्या से कई बार नगर पंचायत को अवगत कराया लेकिन कचरा डंप के लिए अन्य कोई उपयुक्त जगह नही होने के कारण नगर पंचायत ने वहां कचरा डंप करना जारी रखा। आज वार्डवासियों के लिए जी का जंजाल बन गई है। इस संबंध में वार्डवासियों ने नगर पंचायत को अपनी परेशानी एवं संभावित बीमारियों का हवाला देते हुए कचरा अन्यत्र कहि डंप कराने की मांग की है ताकि वार्डवासीयो को दूषित माहौल से निजात मिल सके और लोग स्वच्छ वातावरण में खुलकर रह सके।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर ने कहा कि शहर में कचरा डंप करने के लिए जगह का अभाव है। इसलिए मजबूरी में फिलहाल वहां कचरा डंप किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर पंचायत वैकल्पिक व्यवस्था तलाश रही है जहां शहर का कचरा डंप किया जा सके।


मैदान में पड़ा कचरा।

# महिला को लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाकर किया दुष्कर्म, दो युवकों के विरुद्ध अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र में पखवाड़े भर पूर्व एक महिला से कार सवार दो युवकों द्वारा गैंगरेप की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। प्रार्थी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि युवकों ने लिफ्ट देने के बहाने अपनी कार में बैठाया और फिर कोई नशीला पदार्थ सूंघाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।घटना पखवाड़े भर पूर्व 3 जूलाई की बताई गई है,बताया गया कि गैंगरेप के बाद महिला की तबीयत ज़्यादा बिगड़ गई जिसके बाद उसके परिजनों ने उसका अंबिकापुर के अस्पताल में उपचार कराया ,इलाज उपरांत जब महिला पूरी तरह स्वस्थ हो गई तब उसने जयनगर थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है।जयनगर पुलिस ने मामले में आरोपी दो युवकों सुशांत सिकदार और अखिलेश राय दोनों निवासी रवींद्रनगर के खिलाफ बीएनएस की धारा 70 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।







## गाय को बचाने के चक्कर में एनएच 43 रेलिंग में घुसा ट्रक, बाल-बाल बचे चालक-परिचालक

**सेदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मंगारी बनिया टिकरा पुलिया के समीप गाय को बचाने के चक्कर में ट्रक रेलिंग में जा घुसा। दुर्घटना में चालक व परिचालक बाल-बाल बच गए लेकिन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एनएच 43 मंगारी बनिया टिकरा पुलिया के पास तड़के 5 बजे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 10 बी क्यू 9455 आ रही थी। जैसे ही चालक वाहन लेकर पुलिया के समीप पहुंचा तभी गाय को बचाने के चक्कर में पुल के रेलिंग में घुस गया जिससे ट्रक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वही ट्रक चालक शहडोल निवासी विमल यादव आ. लल्लू यादव (30 वर्ष) के सिर में चोट लगने से घायल हो गया। जबकि सिहरी निवासी क्लीनर सोनू यादव आ.. बब्बू यादव (23 वर्ष) के हाथ में चोट लगा जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से उप स्वास्थ्य केंद्र मंगारी में इलाज करवाया गया। ट्रक उड़ीसा में कोयला खाली कर कोतमा जा रहा था।















